भारत सरकार
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 298
मंगलवार, दिनांक 19 जुलाई, 2022 को उत्तर दिए जाने हेतु

<u>सौर ऊर्जा उत्पादन का आकलन</u>

298. श्री नीरज डांगीः क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार द्वारा देश में सौर ऊर्जा उत्पादन का कोई आकलन किया गया है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान देश में सौर ऊर्जा विकास के लिए आवंटित की गई राशि और उपयोग की गई राशि का राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार सौर ऊर्जा क्षेत्र में आने वाली बाधाओं से अवगत है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत मंत्री
(श्री आर.के. सिंह)

(क) जी, हाँ। इस मंत्रालय के नियंत्रणाधीन एक स्वायत्त संस्थान राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान ने देश में 750 गीगावाट सौर ऊर्जा क्षमता का आकलन किया है।

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान, एमएनआरई के सौर ऊर्जा कार्यक्रमों के तहत प्रदान की गई वित्तीय सहायता के राज्य-वार ब्यौरे अनुलग्नक में दिए गए हैं।

(ग) सौर ऊर्जा परियोजनाओं के कार्यान्वयन में अन्य के साथ-साथ निम्नलिखित प्रमुख चुनौतियां हैं:

- विवादरहित भूमि का अधिग्रहण;
- सौर परियोजनाओं और विद्युत निकासी अवसंरचना के बीच समय-सीमा में असमानता;
- राजस्थान और गुजरात में ग्रेट इंडियन बस्टर्ड (जीआइबी) जैसे पर्यावरणीय मामले;
- एसईआरसी द्वारा राज्यों (उदाहरण स्वरूप आंध्र प्रदेश और गुजरात) में सौर टैरिफ का समय पर अनुमोदन न करने जैसी विनियामक चुनौतियाँ;
- सौर परियोजनाओं के कार्यान्वयन में काफी हद तक कोविड महामारी के कारण विलंब।

अनुलग्नक

'सौर ऊर्जा उत्पादन का आकलन' के संबंध में पूछे गए दिनांक 19.07.2022 के राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं. 298 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

पिछले तीन वर्षों के दौरान सौर कार्यक्रमों के तहत जारी की गई निधियों का राज्य-वार ब्यौरा

(करोड़ रु. में)

क्र.सं.	राज्य	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22
1	आन्ध्र प्रदेश	276.17	194.04	51.49	10.48
2	अरुणाचल प्रदेश	0.00	17.01	19.76	10.54
3	अंडमान और निकोबार	0.00	6.77	0.35	37.97
4	असम	0.00	33.07	0.00	9.19
5	बिहार	5.48	1.38	2.93	0.00
6	चंडीगढ़	18.76	5.13	0.85	0.00
7	छत्तीसगढ़	127.70	13.45	0.00	7.10
8	दिल्ली	0.00	0.60	23.29	26.17
9	गोवा	0.00	0.50	0.00	3.59
10	गुजरात	417.99	81.19	101.30	1242.71
11	हरियाणा	27.50	22.44	65.89	175.08
12	हिमाचल प्रदेश	28.05	8.09	23.43	33.44
13	जम्मू और कश्मीर	10.53	16.68	4.89	42.26
14	झारखंड	33.44	29.79	31.28	15.16
15	कर्नाटक	69.52	219.51	160.64	141.91
16	केरल	5.50	0.00	18.46	36.34
17	लद्दाख	0.00	0.00	0.00	12.41
18	लक्षद्वीप	0.00	0.00	0.00	0.00
19	मध्य प्रदेश	132.90	159.33	93.69	64.95
20	महाराष्ट्र	182.63	117.32	114.48	95.16
21	मणिपुर	0.00	16.86	23.06	14.89
22	मेघालय	1.57	3.47	1.13	0.00
23	मिजोरम	0.00	15.33	19.73	2.35
24	नागालैंड	6.93	13.55	10.69	5.86
25	ओडिशा	30.76	30.17	4.01	33.47
26	पुडुचेरी	0.10	0.79	0.00	0.00
27	पंजाब	39.54	25.94	31.85	65.29
28	राजस्थान	237.01	213.31	668.67	305.84
29	सिक्किम	2.74	0.00	0.00	0.03
30	तमिलनाडु	42.33	29.29	86.08	60.92
31	तेलंगाना	53.15	54.50	54.03	49.11
32	त्रिपुरा	0.00	12.65	18.49	16.88
33	उत्तराखंड	30.93	24.86	8.99	28.93
34	उत्तर प्रदेश	95.78	92.83	68.91	46.90
35	पश्चिम बंगाल	11.28	15.70	0.00	0.00
36	अन्य (सीईएल, आरईएल, नाबार्ड, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, गैर सरकारी संगठन आदि) और अन्य चैनल पार्टनर	281.07	115.61	145.91	38.99
	कुल	**2169.36**	**1591.15**	**1854.28**	**2633.92**

*****